**NEWS CLIPPING: 20.07.2019**

**AMAR UJALA**

## प्रयासों से तय होती है सपनों की सफलता

**फरीदाबाद** । जेसी बोस विश्वविद्यालय में दाखिल ले चुके प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को शुक्रवार को सफलता के गुर बताए गये। इंडकशन कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन के आयोजन में विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ और विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जा रहा है नेक्टर-फेक्टर संस्थापक बेनी कीन्हा ने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र दिये। स्टूडेंट वेलफेयर की डिप्टी डीन डॉ. सोनिया बंसल ने आयोजन किया। **ब्यूरो**

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.07.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में इंडक्शन तीसरे दिन भी जारी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में स्नातक के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम तीसरे दिन भी जारी रहा। इस मौके पर प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता व नेक्टर फैक्टर के संस्थापक बेनी कींहा मुख्य वक्ता थीं। इसका आयोजन विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित किया गया है। इसकी अध्यक्षता डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल ने की।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.07.2019**

**PUNJAB KESARI**

# 'असफलताओं से सीखो और सफलता को लक्ष्य बनाओ'

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम का तीसरा दिन

फरीदाबाद, 19 जुलाई (ब्यूरो) जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा नये अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रसिद्ध प्रेरक वक्ता और नेक्टर फैक्टर के संस्थापक और सीईओ बेनी कीन्हा ने आज विद्यार्थियों से संवाद किया।

कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थी कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है। कीन्हा ने विद्यार्थियों को जीवन को सफल बनाने के लिए उपयोगी टिप्स दिये तथा ऐसी महान हस्तियों का जीवन के प्रेरणादायी उदाहरण दिये, जिन्होंने बड़ी असफलताओं के बावजूद जीवन में उच्च मुकाम हासिल किया। कीन्हा ने मानसिक शक्ति और आत्म विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अद्वितीय है और उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह अपने सपनों को हासिल करने के लिए कैसे प्रयत्न करता है।

उन्होंने आगे बताया कि जीवन में सफल बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा से ज्यादा एकजुटता की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद किया। सत्र का संचालन प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. सपना तनेजा ने किया। इससे पूर्व, व्यवहारिक जीवन में नैतिक मूल्यों पर ममता बंसल द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिसमें उन्होंने विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। बिट्स मिसरा के नोएडा कैंपस में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुपर्णा दत्ता ने विद्यार्थियों को व्यवहारिक संवाद के बारे में बताया। मीडिया प्रोफेशनल दिनेश कुमार ने मीडिया को विकास का माध्यम बताते हुए कहा कि विकास कार्यों में जनभागीदारी को बढ़ाकर मीडिया देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद भी किया।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Sat, 20 July 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/41658992

**NEWS CLIPPING: 20.07.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# जीवन में सफल बनने के लिए प्रतिस्पर्धा से ज्यादा एकजुटता की जरूरत

## जेसी बोस विश्वविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम का तीसरा दिन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से नए अंडर ग्रेजुएट स्टूडेंट के लिए आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रेरक वक्ता बेनी कीन्हा ने स्टूडेंट से संवाद किया। उन्होंने स्टूडेंट को जीवन को सफल बनाने के लिए उपयोगी टिप्स दिए तथा ऐसी महान हस्तियों के जीवन के प्रेरणादायी उदाहरण दिये, जिन्होंने बड़ी असफलताओं के बावजूद जीवन में उच्च मुकाम हासिल किया। उन्होंने मानसिक शक्ति और आत्म विश्वास के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अद्वितीय है और उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह अपने सपनों को हासिल करने के लिए कैसे प्रयत्न करता है।

उन्होंने कहा जीवन में सफल बनने के लिए प्रतिस्पर्धा से ज्यादा एकजुटता की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद किया। सत्र का संचालन प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्रोफेसर डा. सपना तनेजा ने किया। इससे पूर्व व्यावहारिक जीवन में नैतिक मूल्यों पर ममता बंसल द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। एसोसिएट प्रोफेसर डा. सुपर्णा दत्ता ने विद्यार्थियों को व्यावहारिक संवाद के बारे में बताया।